तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

04 रास गरबा समृद्ध भारतीय संस्कृति और धार्मिक ...



04 अयोध्यानगर के राम वाटिका में हुआ गरबा नृत्य का ...



खबर संक्षेप

जसगीत सुनकर लौट रहे व्यक्ति के साथ मारपीट

महासमुंद। जसगीत सुनकर लौट रहे एक व्यक्ति के साथ सुभाष नगर में हुई मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। 18 अक्टूबर को शिव मंदिर जग्गू गली सुभाष नगर में जसगीत सुनकर लौट रहे राकेश चंद्राकर के साथ सुधांश गांड़ा ने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर धारदार वस्तु से चोट पहुंचाई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।



युवक के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

महासमुंद। सांकरा में एक युवक के साथ तीन लोगों द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। सांकरा का रूपेश साव 18 अक्टूबर की शाम लगभग 5:45 बजे फॉरेस्ट ऑफिस के पास खड़ा था, इसी दौरान ग्राम सांकरा के सागर यादव, शोभाराम यादव एवं तुषार यादव ने विवाद और गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

महिलाओं को साइबर अपराधों एवं डिजिटल माध्यम से होने वाले ठगी की दी गई जानकारी

महासमुंद। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव आफरीन बानो के मार्गदर्शन पर आरक्षी केंद्रों में पदस्थ पैरालीगल वालेंटियरों द्वारा विभिन्न स्थानों में सतत रूप से साइबर अपराधों एवं डिजिटल माध्यम से होने वाले ठगी के बारे में शिविर आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष में पैरालीगल वालेंटियर हरिचंद साहू द्वारा ग्राम भुरका की महिलाओं को साइबर फ्राड संबंधित विभिन्न प्रकारों, उनसे बचाव के उपायों तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। इस प्रकार के जागरुकता शिविरों का उद्देश्य साइबर अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ाना, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपायों की जानकारी देना तथा आम नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना है। हरिचंद साहू ने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, एटीएम पिन, यूपीआई पिन या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करें। फर्जी लिंक एवं वेबसाइट अनजान लिंक पर क्लिक न करें और संदिग्ध वेबसाइट से ऐप डाउनलोड करने से बचें। यूपीआई एवं ऑनलाइन भुगतान धोखाधड़ी पैसे प्राप्त करने के लिए यूपीआई पिन डालने की आवश्यकता नहीं होती। भुगतान करने से पहले प्राप्तकर्ता का विवरण अवश्य जांचें। फर्जी कॉल एवं डिजिटल अरेस्ट पुलिस, सीबीआई या अन्य सरकारी अधिकारी बनकर डराने, धमकाने अथवा वीडियो कॉल पर पैसे मांगने वाले लोगों से सावधान रहें। फर्जी फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं व्हाट्सऐप अकाउंट, पहचान का दुरुपयोग, अश्लील संदेश, साइबर बुलिंग और ब्लैकमेलिंग से बचाव बचे। नौकरी, लॉटरी एवं इनाम नौकरी दिलाने, लॉटरी जीतने, सरकारी लाभ दिलाने या पुरस्कार देने के नाम पर पैसे मांगने वालों से सतर्क रहे। केवायसी एवं बैंक धोखाधड़ी बैंक खाता बंद होने, केवायसी अपडेट करने या खाते में समस्या आने का डर दिखाकर व्यक्तिगत जानकारी मांगने वाले अज्ञात कॉल और संदेशों पर भरोसा न करें। फर्जी निवेश योजनाओं, संदिग्ध लोन ऐप और अग्रिम शुल्क मांगने वाले लोगों से सावधान रहें। साइबर अपराध की शिकायत ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें तथा आधिकारिक पोर्टल www-cybercrime-gov-in पर शिकायत दर्ज करें।

बाइक की टक्कर से महिला की मौत

महासमुंद। बाइक की टक्कर से घायल हुई महिला के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला जुलाई माह का है। रिपोर्ट पर सांकरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद बताया कि 19.07.2026 को लगभग 9 बजे मृतका उर्मिला चौहान का पति अधीन कुमार अपने मोटर सायकल सीटी 100 क्रमांक सीजी 04 सी 0443 में अपनी पत्नी को बिठाकर अपने गांव कउहाकुड़ा सराईपाली से भगतदेवरी डॉक्टर के पास ईलाज हेतु जा रहा था। लगभग 11 बजे ग्राम सांकरा के पास जोंक नदी पुल एनएच 53 रोड को क्रॉस कर आगे पहंचने पर एक अज्ञात मोटर सायकल के चालक ने पीछे से अधीन कुमार के मोटर सायकल को ठोकर मार दिया, जिससे मृतका को चोंट लग गई और चोट आने पर इलाज हेतु शासकीय अस्पताल सांकरा ले जाया गया और रेफर किए जाने पर पिथौरा, झलप और फिर 20.07.2026 को उचित ईलाज हेतु महासमुंद ले जाया गया। जहां 23.07.2026 के लगभग रात्रि 11.48 बजे उर्मिला चौहान की मृत्यु हो गई। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी वाहन चालक का नाम कलीम खान है। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

आस्था : महामाया मंदिर सहित देवी पंडालों में हुए अनुष्ठान, नौ कन्या भोज

नवमीं पर हुए हवन-पूजन, नम आंखों से माता को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शारदेय नवरात्र की नवमी पर सोमवार को शहर सहित अंचल के देवी मंदिरों और पूजा पंडालों में हवन-पूजन के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। महामाया मंदिर सहित शहर के सभी देवी मंदिरों सहित जिले भर के देवी स्थलों पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां दुर्गा से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। हवन-पूजन के पश्चात जंवारा विसर्जन और पंडालों में स्थापित देवी प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हुआ। नौ दिनों तक मां की आराधना में लीन रहे श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता को विदाई दी। मंदिरों और अन्य धार्मिक स्थलों पर भी नवकन्या भोज और पूजन हुए।





हवन-पूजन के साथ संपन्न हुए अनुष्ठान

नवरात्र की नवमी पर सुबह से ही देवी मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के बाद हवन किया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवमी पर हवन, कन्या पूजन और भोग अर्पित करने का विशेष महत्व है। नवरात्र के अंतिम दिन भक्तों ने माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और नौ दिनों तक चले पर्व के निर्विघ्न संपन्न होने पर आभार जताया।

नौ कन्या भोज में कराया भोजन

नवमी के अवसर पर मंदिरों सहित विभिन्न स्थानों पर नौ कन्या भोज का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन किया और भोजन कराकर उपहार एवं दक्षिणा भेंट की। घरों और धार्मिक स्थलों पर कन्या पूजन के साथ नवरात्र के अनुष्ठानों का समापन हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

नम आंखों से माता को विदाई

हवन-पूजन के बाद जंवारा विसर्जन की शुरुआत हुई। नौ दिनों तक घरों और देवी पंडालों में स्थापित जंवारा की पूजा करने वाले श्रद्धालु विसर्जन के दौरान भावुक नजर आए। माता के जयकारों और विदाई गीतों के बीच जंवारा विसर्जन की प्रक्रिया शुरू हुई। श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष फिर से आगमन की कामना करते हुए मां भगवती को विदाई दी। शहर के साथ अंचल के विभिन्न क्षेत्रों में भी विसर्जन की गतिविधियां शुरू हो गई हैं।



आज दशहरा, रावण दहन की तैयारी, हाउसिंग बोर्ड में बच्चे देंगे रामलीला की प्रस्तुति

नवरात्र के समापन के बाद आज मंगलवार को विजयादशमी यानी दशहरा का पर्व मनाया जाएगा। शहर में दो स्थानों पर रावण दहन की तैयारी है। दशहरा उत्सव को लेकर आयोजन समिति द्वारा पहले ही बैठक में कार्यक्रम की रुपरेखा तय की जा चुकी है। साथ ही स्थल का जायजा लेकर तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। मंगलवार शाम रावण दहन के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया जाएगा। । इसके अलावा हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में भी रावण दहन की तैयारी की जा रही है। यहाँ कॉलोनी के बच्चे ही रामलीला का मंचन कर रावण का दहन करेंगे। सदस्यों ने उत्सव को पहले की तरह भव्य रूप देने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया। रावण दहन के बाद आतिशबाजी की भी तैयारी है।

नम आँखों और भक्तिमय माहौल के साथ कारागुला में हुई मां दुर्गा की विदाई



नर्रा। शारदीय नवरात्र के पावन पर्व के समापन पर ग्राम कारागुला एवं क्षेत्र के गावों में विराजित माँ दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। नवरात्र के नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती के पश्चात माता दुर्गा की प्रतिमाओं को ट्रैक्टर वाहनों में विराजमान कर भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकली। इस दौरान पूरा गांव भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। जस सेवा गीतों और बाजे गाजे के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पारंपरिक जस सेवा गीत गाए तथा मांदर, झांझ और मंजीरे की थाप पर झूमते-गाते हुए माता को विदाई दी। ग्राम के समस्त श्रद्धालु और ग्रामीण इस यात्रा में उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए, जिससे पूरा वातावरण धर्ममय हो गया। भक्तों ने नम आंखों से माता रानी को तालाब में विसर्जित किया गया।





दुर्गा वाहिनी रास गरबा महोत्सव में मां दुर्गा चालीसा पाठ एवं शस्त्र पूजा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- नगरवासियों एवं समाज की सुख-समृद्धि, शांति और मंगलमय जीवन की कामना की

विश्व हिंदू परिषद एवं सर्व हिंदू समाज द्वारा स्थानीय हाई स्कूल मैदान में आयोजित दुर्गा वाहिनी रास गरबा महोत्सव 2026 के अंतर्गत शारदीय नवरात्रि के सप्तमी पर मां दुर्गा चालीसा पाठ एवं शस्त्र पूजा का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया।

इस धार्मिक आयोजन में मां दुर्गा की आराधना कर समस्त नगरवासियों एवं समाज की सुख-समृद्धि, शांति और मंगलमय जीवन की कामना की गई। दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा शस्त्र पूजा के माध्यम से शक्ति, साहस, धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त स्काउट एवं गाईड इंद्रजीत सिंह खालसा, देवेंद्र दुबे, राहुल चंद्राकर, पवन साहू, ढालूराम साहू, हर्षवर्धन चंद्राकर, बिपिन महंती, नंदकुमार साहू, उत्तम वर्मा, अखिलेश लूनिया, चंद्रबदन मिश्रा, राधेश्याम चंद्राकर, विक्रम ठाकुर, भरत चंद्राकर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

विश्व हिंदू परिषद एवं सर्व हिंदू समाज द्वारा आयोजित यह महोत्सव धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपराओं एवं सामाजिक एकता का प्रतीक बन रहा है। विश्व हिंदू परिषद ने विज्ञप्ति में बताया कि गरबा आयोजन का उद्देश्य केवल गरबा न होकर सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नई पीढ़ी को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ना है।

आयोजन समिति ने नगर के सभी धर्मप्रेमी, समाजजनों से महोत्सव में शामिल होकर सनातन संस्कृति एवं सामाजिक एकजुटता की अपील की है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त को बर्खास्त कर गिरफ्तारी की मांग, राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन

मतदाता सूची से नाम काटे जाने के विरोध में कांग्रेस ने निकाला मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के मार्गदर्शन में संचालित वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के अंतर्गत सोमवार को शहर कांग्रेस कमेटी महासमुंद द्वारा ब्लॉक स्तरीय विरोध मार्च निकाला गया। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में आयोजित यह मार्च कांग्रेस भवन से प्रारंभ होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचा। यहां कांग्रेस नेताओं ने मतदाता सूची से लोगों के नाम काटे जाने के मुद्दे पर विरोध जताते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं 2023 विधानसभा चुनाव में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की प्रत्याशी रहीं डॉ. रश्मि चंद्राकर, पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोजकांत साहू सहित अनेक कांग्रेसजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



मार्च के दौरान कांग्रेस नेताओं ने मतदाता सूची से लोगों के नाम हटाए जाने को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। नेताओं ने आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल में नियमों के विरुद्ध मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने इस मामले में निष्पक्ष जांच और जवाबदेही तय करने की मांग करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से बर्खास्त करने तथा उनके खिलाफ कार्रवाई कर गिरफ्तारी की मांग उठाई। शहर कांग्रेस कमेटी ने कहा कि वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के माध्यम से लोकतंत्र, संविधान और नागरिकों के मताधिकार की रक्षा के लिए जनजागरूकता एवं लोकतांत्रिक विरोध का सिलसिला जारी रहेगा।

यह रहे आंदोलन में मौजूद

उक्त ब्लाक स्तरीय मार्च में लक्ष्मी देवांगन, भरत ठाकुर, निर्मल जैन, राशि महिलांग, अमन चंद्राकर, ढेलू निषाद, पार्षद मुस्ताक खान, तुलसी साहू, मनोहर ठाकुर, तबरेज खान, वीरेंद्र चंद्राकर, अमर चंद्राकर, सोनम बांसोड़, डॉ एजाज नकवी, नितेंद्र बनर्जी, राजू साहू, अनुराग चंद्राकर, टोमन कागजी, अरिश अनवर, डॉ केके जैन, नारायण नामदेव, कपिल साहू, संतोष धीवर, राजेंद्र साहू, मोती साहू, लीलू साहू, युवराज साहू, पिंकी ध्रुव, लक्ष्मी सोनी, विक्रम कांत साहू, लता चंद्राकर, तुलसी देवदास, भानू सोनी, छोटेलाल सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।



कांग्रेस का भंवरपुर में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत जोरदार विरोध प्रदर्शन

महासमुंद। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वान पर भंवरपुर ब्लॉक में "वोट चोर गद्दी छोड़" अभियान के तहत विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से सरायपाली विधायक चातुरी नंद, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक अनुराग शर्मा, मंडल अध्यक्ष रिंकू वैष्णव, मीडिया प्रभारी रुपेश वैष्णव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी से सत्या भोई एवं श्रवण पटेल, ब्लॉक किसान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष फारम पटेल, विक्की वैष्णव, लीलाकांत पटेल, रमेश पटेल, नवीन चौहान, दीक्षित चंद्राकर, विकास सिदार, सूरज सिदार, मीतेश सिदार, नविन सिदार, विनय सिदार, देवेंद्र सिदार, मनोज पटेल, ठंडाराम पटेल, धागराम पटेल, दया पटेल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की गई।

बाइक चोरी के दो मामले

महासमुंद। बाइक चोरी के दो मामलों में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को बरौंडाबाजार के गजराज सिंग राजपूत ने बताया कि वह 15 अक्टूबर को अपने दोस्त शिवा साहू और शुभम साहू के साथ मोटर सायकल हीरो स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी 06 जीएफ 9707 से नवरात्र पर्व दौरान घूमने के लिए महासमुंद गया था। मोटर सायकल को रात्रि करीबन 11.20 बजे महासमुंद के दादाबाडा दुर्गा पंडाल के सामने खड़ी कर अंदर दर्शन करने के लिए गया, जहां से वापस आने पर बाइक उक्त स्थल पर नहीं थी। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे चोरी कर लिया। इसी तरह ग्राम बेमचा के मयंक चंद्राकर ने रिपोर्ट लिखाई है कि जीतू चंद्राकर के नाम की मोटर सायकल हीरो स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी 06 एचबी को 13 अक्टूबर को घर के सामने से किसी व्यक्ति ने चोरी कर लिया। चोरी के इन मामलो में अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

खबर संक्षेप



कोमाखान का शाही दशहरा आज, जलेंगे आस्था के ज्योत

कोमाखान। नगर का शाही दशहरा आज मंगलवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर कोमाखान राजा बाड़ा के ठाकुर उदय प्रतापसिंह सपत्निक व छोटी बहुरानी अनुपमा सिंह अपने कुंवर के साथ शाही दशहरा पर आस्था के ज्योत प्रज्जवलित करेंगे। शाही दशहरा पर्व पर राजाबाड़ा में जगराता कार्यक्रम रखा गया है। इसमें लोक गायक हेमलाल चतुर्वेदी अपनी प्रस्तुति देंगे। साथ ही बस स्टैंड में भी शिवरीनारायण बिलासपुर का माय स्टार लोक मंच म्यूजिकल आर्केस्ट्रा रखा गया है।

नवरात्रि हमारी संस्कृति, एकता और आस्था को जोड़ने का अवसर : निखिलकांत

विभिन्न गांवों में आयोजित जागरण व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल हुए नपाध्यक्ष साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शारदीय नवरात्र पर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आयोजित माता जगराता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। गांवों में पहुंचने पर आयोजन समिति और ग्रामीणों द्वारा उनका पुष्पहार, अंगवस्त्र और श्रीफल भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया।

नपाध्यक्ष ने सभी स्थानों पर मां जगदंबे की विधिवत पूजा अर्चना कर गांव, क्षेत्र और प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि और सुख-शांति के लिए आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि नवरात्रि केवल शक्ति की उपासना का पर्व नहीं है बल्कि यह हमारी संस्कृति, एकता और आस्था को जोड़ने वाला अवसर भी है। ग्रामीण अंचलों में इस तरह के आयोजनों से



सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता को नई ऊर्जा मिलती है। इस दौरान नपाध्यक्ष साहू ग्राम कांपा में आयोजित नवरात्रि जागरण कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ भजन संध्या में सहभागिता की। पश्चात वे बेल्टुकरी में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहुंचे और वहां प्रस्तुत लोक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की लोक कला और संस्कृति हमारी पहचान है और इसे मंच प्रदान करना सराहनीय प्रयास है।

इसके अलावा झलप के समीप ग्राम पत्थर्री में आयोजित डीजे डांस स्पर्धा में भी शामिल हुए। वहां उन्होंने प्रतिभागी युवाओं का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देते हैं और गांवों में उत्सव का माहौल बनाते हैं। ग्रामीणों ने नवरात्रि पर क्षेत्र के बीच पहुंचने और उनका उत्साह बढ़ाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।



पचेड़ा स्कूल में प्रार्थना शेड का लोकार्पण

महासमुंद। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचेड़ा में प्रार्थना शेड का लोकार्पण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि येतराम साहू जिला अध्यक्ष भाजपा महासमुंद, अध्यक्षता अल्का नरेश चंद्राकर स्वतंत्र निर्देशक इस्पात, विशेष अतिथि थानसिंग दीवान जिला महामंत्री भाजपा, राहुल चंद्राकर राज्य मुख्यालय आयुक्त, आनंद साहू जिला मीडिया प्रभारी भाजपा, श्यामबाई टंडन सरपंच ग्राम पंचायत पचेड़ा रहे। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन के लिए सर्वप्रथम शत्रुहन साहू शिक्षाविद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचेड़ा द्वारा उपस्थित समस्त अतिथि का स्वागत किया गया। अल्का नरेश चंद्राकर ने अपने उद्बोधन कहा कि डबल इंजन की सरकार होने से स्कूल से लेकर गांव तक विकास हो रहा है। सरकार जन हितैषी कार्य कर रही है। मुख्य अतिथि येतराम साहू ने कहा कि सरकार हमेशा से ही शिक्षा और स्वास्थ पर अग्रणी ध्यान रखे हैं, जिस कारण से आज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचेड़ा में 10 लाख का प्रार्थना शेड निर्माण हुआ है, जिससे छात्र छात्राओं को धूप से राहत मिलेगा। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राएं ही देश का भविष्य है। साथ ही सभी बच्चे को मन लगाकर पढ़ाई करने प्रेरित किया। संस्था के प्राचार्य विजय कुमार घाड़गे ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गौकरण साहू अध्यक्ष एसएमसी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचेड़ा, शत्रुहन साहू शिक्षाविद, गुड्डा खान पूर्व अध्यक्ष पचेड़ा, मोहन मिरि उपसरपंच पचेड़ा, जितेंद्र टंडन सरपंच प्रतिनिधि पचेड़ा, टिकेश्वरी टंडन पंच, किरण साहू पंच, लीला पटेल, सरस्वती यादव, मीना साहू, आनंद बाई ध्रुव, देवानंद साहू, सेवक राम साहू, उदेराम साहू, कोमल महानंद, शेख अलाउद्दीन खान, जितेंद्र टंडन सरपंच प्रतिनिधि पचेड़ा, गुलाब साहू पंच, चिन्टू अजगले, मानिक टंडन उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा आदि मौजूद रहे।



850 सीढ़ी चढ़कर मां खल्लारी से की प्रार्थना : अंकित

महासमुंद। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि नवरात्र में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पंचमी के शुभ अवसर पर 1459 ईस्वी को अवतरित हुई माँ खल्लारी के दर्शन के लिए 850 सीढ़ी चढ़कर पहुंच कर पूजा अर्चना की। तत्पश्चात माँ चंडी, चंडी देव की पूजा अर्चना कर किसानों व क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की।



अरंड में ध्रुव गोंड़ समाज ने मनाया नवाखाई का पर्व

अरंड (पिथौरा)। ग्राम अरंड में ध्रुव गोंड़ समाज ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ नवाखाई पर्व मनाया गया। अपने ईष्टदेवी देवताओं व बड़ादेव की पूजा अर्चना की गई। यहां ध्रुव गोंड़ समाज के 55 परिवारों ने एक साथ नवाखाई का पर्व मनाकर एकता का एकजुटता का संदेश दिया। इस दौरान समाज के मुखिया शिवचरण ध्रुव, रामकुमार ध्रुव, शोभाराम ध्रुव, नरसिंह ध्रुव, रेवाराम ध्रुव, रुक्मिणी बाई ध्रुव, सुखदेव ध्रुव, अजय ध्रुव, मुकेश ध्रुव, टिकेश्वर ध्रुव, मिलो बाई ध्रुव, सेत बाई ध्रुव, दुकालहीन बाई ध्रुव, दिव्या ध्रुव, लता ध्रुव, विनय ध्रुव समेत बड़ी संख्या में गोंड़ समाज के लोग मौजूद रहे।

सतनामी समाज बागबाहरा के कृष्ण ब्लॉक अध्यक्ष व तीरथ सचिव निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज बागबाहरा ब्लॉक कार्यकारिणी के कार्यकाल पूर्ण होने पर सभी 66 सामाजिक गांवों में सदस्यता अभियान चलाने के पश्चात 18 अक्टूबर रविवार को सतनाम भवन सुनसनिया में जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार, खोशिल गेंड्रे, जिला सचिव रेखराज बघेल, कुमारी भास्कर, राजेश रात्रे व जिला पदाधिकारियों की विशेष अतिथि में निर्वाचन अधिकारी हेमंत ढीढी, पवन घृतलहरे व पर्यवेक्षक के सोनटके, आरएल व्यवहार, व्यवस्था प्रभारी चिंता साय व ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी तथा गांव से आए समाजजनों की उपस्थिति में निर्वाचन पूर्ण हुआ।

निर्वाचन प्रक्रिया के पूर्व जिला सचिव रेखराज बघेल ने सामाजिक पदाधिकारियों के कार्य व कर्तव्य बताते हुए समाज के जागरूक लोगों को टाइम टैलेंट ट्रेजरी देकर नेतृत्व करने अपील किया। प्राप्त नामांकन पश्चात निर्वाचन अधिकारियों ने विधिवत निर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर



कृष्ण कुमार नारंग कमरौद, सचिव तीरथ घृतलहरे पचेड़ा, उपाध्यक्ष पद पर कशेरु लाल निराला भिलाईदादर, बंशी लाल गेंड्रे मुड़ियाडीह, गैंदराम पुरैना फिरगी, राजु कुर्रे, खोप्रसाद कुर्रे खट्टी, गुंजनप्रताप आमानारा को कार्यकारिणी पदाधिकारी निर्वाचित किया गया।

उपसमिति शिक्षा, युवा, महिला, साहित्य प्रकोष्ठ का भी हुआ मनोनयन

समाज में शिक्षा के प्रचार-प्रसार व जरुरतमंद छात्रों की मदद करने के लिए शिक्षा प्रकोष्ठ का पुनर्गठन करते हुए राधेश्याम निराला हरनादादर को ब्लॉक अध्यक्ष, नंदकिशोर भारद्वाज को सचिव, चिंता कुर्रे को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसी तरह सतनाम संस्कृति, रीतिनीति के प्रचार-प्रसार के लिए साहित्य संस्कृति प्रकोष्ठ का गठन कर ब्लॉक अध्यक्ष रेशमलाल निराला को जिम्मेदारी दी गई। महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद पर संतोषी व्यवहार हाथीगढ़, दुकाला मांडले अमलीडीह उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसी प्रकार युवा प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष शिवचरण कुर्रे, तुलसीदास सोनवानी, भेषराम कुर्रे, मोहित महिलांग उपाध्यक्ष, सचिव गोपी महिलांग, कार्यकारिणी सदस्य में रमेश कोसरिया, लुकेश्वर सोनवानी, मोहित गायकवाड, तरुण बघेल, टोपराम महिलांग को मनोनीत किया गया है। निर्वाचित पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने समाज को संगठित करने अनुशासन व सक्रियता से कार्य करने की अपील किया। वहीं जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार ने समाज में नाकारात्मक बातों को त्यागकर हमेशा साकारात्मक बातों का प्रचार प्रसार करने की आह्वान किया। निर्वाचन कार्य में गणेश टंडन, हरक मन्नाडे, सेतलाल खुंटे, चमन कुर्रे, महेश जोशी, महेंद्र बंजारे, तरुवर कोसरिया, देवेंद्र मिर्चे, फनेंद्र बंजारे, राधेश्याम परमार का विशेष सहयोग रहा।

गढ़फुलझर में स्थित है रणेश्वर रामचंडी का युगल मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

फुलझर अंचल के ग्राम गढ़फुलझर के समीप स्थित प्राचीन ऐतिहासिक दुर्ग पर निर्मित है बाबा रणेश्वर और माँ रामचंडी का युगल मंदिर। भक्तों को माँ रामचंडी के साथ-साथ रणेश्वर बाबा का दर्शन का लाभ मिल रहा है। बाबा रणेश्वर और माँ रामचंडी देवी सरायपाली, बसना, पिथौरा क्षेत्र में बड़ी संख्या में निवासरत कोलता समाज आराध्य देव एवं देवी है। यह युगल मंदिर आस्था एवं श्रद्धा का मुख्य केंद्र बन चुका है। यह मंदिर फुलझर अंचल का एकमात्र रणेश्वर रामचंडी का मंदिर है। मान्यता है कि प्रभु राम द्वारा रावण पर विजय प्राप्त करने के पूर्व जिस महादेव एवं जिस शक्ति स्वरुपा देवी की आराधना की गई वही महादेव बाबा रणेश्वर एवं शक्ति स्वरूपा देवी मां रामचंडी के रूप में गढ़फुलझर में विराजित हैं और पूजा पा रहे हैं। गत वर्ष बाबा रणेश्वर मंदिर का निर्माण कर प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस प्रकार यहां रणेश्वर बाबा एवं मां रामचंडी का इकलौता युगल मंदिर स्थापित है।

रणेश्वर रामचंडी मंदिर एक पहाड़ीनुमा किले पर स्थित है। बाबा रणेश्वर एवं मां रामचंडी का दर्शन करने के लिए मुख्य द्वार से करीब सवा सौ सीढ़ियां चढ़नी पड़ती है। मंदिर के मुख्य द्वार एवं गर्भ गृह के चारों ओर आकर्षक कलाकृतियां बनाई गई है। मंदिर के प्रवेश द्वार के ठीक सामने बजरंगबली एवं शिव



पार्वती की अर्धनारीश्वर की विशाल एवं भव्य मूर्ति स्थापित है। प्रति वर्ष आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी को रामचंडी दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ सहित ओडिशा राज्य से श्रद्धालु पहुंचकर मां रामचंडी की विशेष पूजा अर्चना करते हैं। रणेश्वर रामचंडी मंदिर अब पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। मंदिर परिसर के चारों ओर प्राकृतिक रूप से हरे भरे पेड़-पौधे लगे हुए हैं। इसके तलहटी पर मानसरोवर तालाब स्थित है, जहां पर पाथवे का निर्माण किया गया है। प्राचीन फुलझर के ऐतिहासिक दुर्ग पर निर्मित मंदिर का मनोरम दृश्य देखते ही बनता है। यहां का विहंगम दृश्य लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को प्राचीन दुर्ग के रानी महल, प्रवेश द्वार, परकोटे का भग्नावशेष अब भी देखने को मिल जाता है।

गन्ने से एथेनॉल उत्पादन पर रोक के केंद्र सरकार के फैसले का रमेश ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

केंद्र सरकार द्वारा चीनी की घरेलू उपलब्धता और



कीमतों को नियंत्रित करने के लिए गन्ने से एथेनॉल उत्पादन पर रोक लगाने के निर्णय का वरिष्ठ भाजपा नेता व पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का यह कदम किसानों और उपभोक्ताओं दोनों के हितों को ध्यान में रखकर उठाया गया है और इससे बाजार में चीनी की किल्लत और मूल्य वृद्धि पर प्रभावी लगाम लगेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सरकारी तेल कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे 01 नवंबर 2026 से शुरू हो रहे नए आपूर्ति वर्ष से चीनी, गन्ने के रस और बी-हैवी मोलासेस से बने एथेनॉल की खरीद तत्काल प्रभाव से रोक दें। सरकार का यह फैसला अल नीनो के कारण पिछले एक दशक में रहे सबसे कमजोर मानसून के बाद लिया गया है। कमजोर मानसून और सूखे मौसम के चलते महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्यों में फसल को भारी नुकसान पहुंचा है जिससे चीनी उत्पादन घटने की आशंका बनी हुई है। इसी पृष्ठभूमि में घरेलू बाजार में चीनी की उपलब्धता बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता बन गया है।

नर्रा में दशहरा का पर्व आज

नर्रा। प्रति वर्ष की भांति इस बार भी ग्राम नर्रा में विजय दशमी दशहरा का पर्व 20 अक्टूबर मंगलवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दिन देवी दर्शन के लिए दूर दराज एवं आसपास गांवों के श्रद्धालु बड़ी संख्या पहुंचते हैं। यह पर्व बुराई पर अच्छाई के प्रतिक रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस अवसर पर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

पीआईसी की बैठक में शहर विकास के अहम प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका में प्रेसीडेंट इन कौंसिल की बैठक पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में महत्वपूर्ण एजेंडों पर विचार कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। हर वार्ड में अधोसंरचना मजबूत हो, शहर सुंदर और व्यवस्थित दिखे, यही हमारा लक्ष्य है। टाउन हॉल और प्रमुख चौकों के विकास से शहर की पहचान और संस्कृति दोनों को नया आयाम मिलेगा।

बैठक में सबसे पहले कौशिक कॉलोनी में अधोसंरचना मद अंतर्गत चार स्थानों पर सीसी रोड निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए 73 लाख रुपए के प्रस्ताव पर चर्चा कर स्वीकृति दी गई। दूसरे एजेंडे के रूप में वार्ड क्रमांक 06 में राजपूत समाज भवन में रंगमंच निर्माण कार्य की पीआईसी की प्रत्याशा में दी गई स्वीकृति की पुष्टि की गई। तीसरे एजेंडे में अस्थायी पटाखा वर्ष 2026-27 में दुकान आबंटन के संबंध में प्राप्त आवेदनों पर निर्णय लेकर पुष्टि की गई। इसके पश्चात टाउन हॉल के सौंदर्यीकरण के लिए 23 लाख रुपए की लागत से टेंडर आमंत्रित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही 30 लाख रुपए की लागत से श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक निर्माण एवं उनकी प्रतिमा स्थापित करने के महत्वपूर्ण प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। बैठक में एबीसी सेंटर निर्माण कार्य के लिए प्राप्त न्यूनतम दर की



स्वीकृति की पुष्टि, मरम्मत संधारण मद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 से 30 तक प्राप्त न्यूनतम दरों पर विचार, पार्षद निधि अन्य मद तथा अध्यक्ष निधि अन्य मद अंतर्गत वार्डों में कराये जाने वाले कार्यों की दरों पर भी विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिए गए।

इस दौरान जाति एवं निवास प्रमाण पत्र के प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में निर्णय लिया गया। वहीं दशहरा उत्सव वर्ष 2026 को गरिमामय रूप से मनाये जाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं और बजट पर विचार कर रूपरेखा तय की गई। इसके अलावा अधोसंरचना मद एवं 15वें वित्त मद अंतर्गत सात विकास कार्यों, विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु ई-निविदा के माध्यम से प्राप्त न्यूनतम दरों तथा वार्ड क्रमांक 03 में दो स्थानों पर सीसी रोड निर्माण कार्यों की स्वीकृति की पुष्टि की गई। बैठक में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, जयकुमार देवांगन, जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, बबलू सूरज नायक व प्रभारी अधिकारीगण उपस्थित थे।

ध्रुव गोंड़ समाज ने रीति-रिवाजों, परंपराओं एवं श्रद्धा-भाव के साथ मनाया नवाखाई का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र सिरपुर के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों में शुक्ल पक्ष नवमीं तिथि को पारंपरिक रीति-रिवाजों, सामाजिक परंपराओं एवं श्रद्धा-भाव के साथ नवाखाई पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया।

नवाखाई पर्व आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपरा एवं प्रकृति के प्रति आस्था का प्रतीक है। यह पर्व नई फसल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने, इष्टदेव एवं बड़ादेव का स्मरण करने तथा समाज की सुख-समृद्धि और



खुशहाली की कामना करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस पावन अवसर पर समाज के लोगों ने अपनी पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार पूजा-अर्चना कर परिवार एवं समाज की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। साथ ही समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में रीति-रिवाजों का पालन करते हुए नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का संदेश दिया गया। नवाखाई पर्व केवल एक धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे, आपसी प्रेम और सहयोग को मजबूत करने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। इस पर्व के माध्यम से समाज के लोगों ने अपनी परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन तथा आने वाली पीढ़ियों तक सांस्कृतिक विरासत को पहुँचाने का संकल्प लिया। आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र सिरपुर ने सभी समाजजनों से अपनी पारंपरिक रीति-रिवाजों, सामाजिक नियमावली एवं सांस्कृतिक मूल्यों का सम्मान करते हुए समाज की एकता और अखंडता बनाए रखने की अपील की।



खबर संक्षेप



डोकरपाली में महाष्टमी पर हुआ हवन-पूजन

अरंड (पिथौरा)। ग्राम डोकरपाली के जय दुर्गा उत्सव समिति शांति नगर के दुर्गा पंडाल में महाष्टमी पर हवन-पूजन कार्यक्रम हुआ। जिसमें श्रध्दालुओं ने पूर्णाहुति देकर माता की विशेष पूजा अर्चना की। इस अवसर पर सरपंच जितेंद्र कुमार साहू, उपसरपंच बिहारीलाल दीवान,चतुरसिह दीवान, हेमंत साहू, गोवर्धन कोसरिया, कामेश, दीपेश कोसरिया, कीमन दीवान, घसिया यादव, युवकुमार दीवान, नेहा दीवान, मैनाबाई सोनवानी,भानमोतिन साहू, कुमारी दीवान, कुमकुम यादव, गरिमा यादव, लीना यादव, खुशबू, चांदनी सोनवानी, अनिता, मेहतरिन कोसरिया, आरती कोसरिया, भोजकुमारी दीवान, योगिता दीवान, गांव के बैगा गैंदूराम दीवान समेत ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

प्रगतिशील सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ बागबाहरा के ब्लॉक अध्यक्ष बने शिवचरण

महासमुंद/नर्रा। प्रगतिशील



सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष पद पर शिवचरण कुर्रे की नियुक्ति की गई है। समाजजनों ने आशा जताई है कि उनके नेतृत्व में युवा प्रकोष्ठ सामाजिक एकता, शिक्षा, जागरूकता एवं समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगा। शिवचरण ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे।



दुर्गा अष्टमी पर हवन व कन्या पूजन हुआ

महासमुंद। ग्राम खरोरा में शिव चौक लोहार पारा में दुर्गा अष्टमी पर विधि-विधान से हवन-पूजन और कन्या पूजन हुआ। श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माता रानी को आहुतियां अर्पित की गईं। हवन के बाद श्रद्धालुओं ने नौ कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया और सुख-समृद्धि की कामना कर प्रसाद वितरण किया।

चरौदाबांध में कबड्डी प्रतियोगिता 24 से

बागबाहरा। ग्राम चरौदाबांध में युवा शक्ति कबड्डी समिति द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 24 एवं 25 अक्टूबर 2026 को किया गया है।
प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार 24 अक्टूबर को शाम 5 बजे होगा। प्रतियोगिता का समापन रविवार 25 अक्टूबर को रात्रि 12 बजे निर्धारित है। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार 11,111 रुपए सहकारी समिति चरौदा बांध, द्वितीय 7,011 रुपए दिलीप नायक, तृतीय 5,011 रुपए तोषण साहू उपसरपंच एवं नरेंद्र सिन्हा शिक्षक तथा चतुर्थ पुरस्कार 3,011 रुपए डोमन सिन्हा द्वारा प्रदान किया जाएगा। सभी पुरस्कार शील्ड सहित दिए जाएंगे।
आयोजक समिति ने क्षेत्र के सभी कबड्डी खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों से प्रतियोगिता में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

नवरात्रि पर स्कूल स्टाफ ने किया शैक्षणिक भ्रमण

महासमुंद। देव संस्कृति विद्यालय के 20 स्टाफ का नवरात्रि शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम हुआ। भ्रमण के लिए चरौदा बांध पहुंचे। बाद खल्लारी माता और चंडी माता मंदिर पहुंचे। जहां माता का दर्शन किए। प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने मां खल्लारी और चंडी माता के ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व का उल्लेख किया। भ्रमण में लोकेश चंद्राकर, कृष्ण कुमार साहू, ऋषभ साहू आदि शामिल रहे।

आयोजन: गरबा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

रास गरबा समृद्ध भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा



लहरौद स्थित अंजलि विहार कॉलोनी में आयोजित रास गरबा प्रतियोगिता के अष्टमी पर्व पर शुभारंभ अवसर पर श्रमजीवी पत्रकार संघ महासमुंद के जिलाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष मनोहर साहू, परमित सिंह निशु माटा, विजय गुप्ता, नंदकिशोर अग्रवाल, राजेश बंसल, पूर्व पार्षद रविंदर आजमानी, दिनेश गोयल, राजा बाबू, उपाध्याय रमेश श्रीवास्तव, कुलजीत आजमानी, प्रमोद सिन्हा, प्रशांत पांडे अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण के बीच गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने माता रानी की आराधना कर सुख, समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। अपने उद्बोधन में स्वप्निल तिवारी ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से युवाओं की आस्था धर्म और संस्कृति की ओर बढ़ रही है। शारदीय नवरात्र केवल धार्मिक अनुष्ठान का पर्व नहीं, बल्कि शक्ति, भक्ति, संस्कार और सामाजिक एकता का प्रतीक है। मां दुर्गा की आराधना हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, सत्य के मार्ग पर चलने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा देती है। नवरात्र का प्रत्येक दिन हमें नारी शक्ति के सम्मान, आत्मविश्वास और समाज के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराता है।

रास गरबा हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ-साथ आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करते हैं। आज के दौर में युवाओं का धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ना सकारात्मक संकेत है। जब युवा अपनी परंपराओं और संस्कारों को समझते हैं, तो समाज में सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है। आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि अंजलि विहार कॉलोनी में इस प्रकार के आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला और कौशल प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं। गरबा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी बधाई के पात्र हैं। प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करना निश्चित रूप से खुशी की बात है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण उत्साह, अनुशासन, समर्पण और सहभागिता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूप हमें साहस, शक्ति, करुणा और धर्म की रक्षा का संदेश देते हैं। आवश्यकता है कि हम इन आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं, महिलाओं का सम्मान करें तथा समाज में संस्कारों और सकारात्मक विचारों को बढ़ावा दें। धार्मिक आयोजन तभी सार्थक होते हैं, जब उनसे मिलने वाली प्रेरणा हमारे व्यवहार और सामाजिक जीवन में भी दिखाई दे। कार्यक्रम में संरक्षक आत्माराम यादव समिति के अध्यक्ष पुनीत सिन्हा, गुरुचरण सलूजा, गौतम साहू, यूके दास, रोहिणी देवांगन, आरके मने, नरेंद्र सेन, मोनू अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु व कॉलोनीवासियों की सहभागिता रही।

नवाडीह में नवरात्रि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, विधायक हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

ग्राम नवाडीह बुंदेली में शारदीय नवरात्रि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने पूजा-अर्चना के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा।

कार्यक्रम में मां दुर्गा की आराधना के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के दौरान गांवों में इस तरह के आयोजन धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने और ग्रामीणों को एक मंच पर लाने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने आयोजन में सहभागिता की और नवरात्रि पर्व की खुशियां साझा कीं। आयोजन के माध्यम से गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

इस अवसर पर जनपद सदस्य जयंती सिदार, सविता यादव, किशोर सोनवानी, चोवा राम साहू, विष्णु सिन्हा, सतीश शर्मा, पूनम मानिकपुरी, तिरिथ बरिहा, तुलाराम साहू, सतीश अग्रवाल, त्रिभुवन बरिहा, घनश्याम साव, धनीराम सिदार, अभिषेक सिंह, जयलाल बरिहा, मोहित यादव, तीरथ चौहान, नरेंद्र यादव, चमन बरिहा, सुख सिंह यादव, मनीराम यादव, चंदर बरिहा, शंकर यादव, राम यादव, बिरसिंग चौहान, प्रेमलाल निषाद, पतिराम बरिहा, हरक राम यादव, नारायण सोनी और बंधा लाल बरिहा सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

गड़बेड़ा में आज छत्तीसगढ़ी अंदाज में होगा दशहरा उत्सव



पिथौरा। दशहरा के अवसर पर 20 अक्टूबर मंगलवार को ग्राम गड़बेड़ा में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक वाला भव्य दशहरा उत्सव आयोजित होगा। यहां प्रतिवर्ष होने वाला आयोजन इस बार भी पूरी तरह छत्तीसगढ़ी रंग में रंगा होगा। छत्तीसगढ़ी शेरो-शायरी, छत्तीसगढ़ी बोली में रामलीला मंचन इसका मुख्य आकर्षण रहेगा।

छपोराडीह में दशहरा महोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व पर ग्राम छपोराडीह में 20 अक्टूबर मंगलवार को भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मैदान में 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का भव्य आतिशबाजी के साथ दहन किया जाएगा। दशहरा महोत्सव को लेकर ग्रामवासियों में खासा उत्साह है तथा आयोजन की तैयारियां आयोजक कर्मचारियों एवं ग्रामवासियों द्वारा जोर-शोर से की जा रही हैं। रामलीला का कार्यक्रम शाम 5 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें कुंभकर्ण वध, मेघनाद वध एवं रावण वध का जीवंत मंचन किया जाएगा। रामलीला के पश्चात विशाल रावण के पुतले का भव्य आतिशबाजी के साथ दहन किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह भी होगा। महोत्सव में बड़े साजापाली के डांसर कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी, जो दर्शकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगी। पश्चात ग्राम में भव्य डीजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें ग्रामवासी उत्साहपूर्वक शामिल होंगे। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में शशि रंगीला स्टार नाइट मुंगेली की शानदार प्रस्तुति होगी। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से दशहरा महोत्सव में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

अयोध्यानगर के राम वाटिका में हुआ गरबा नृत्य का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अयोध्या नगर में नारी शक्ति नवदुर्गा समिति राम वाटिका द्वारा रास गरबा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संध्या मां कालरात्रि की पूजा अर्चना भक्तिमय गीतों से की गई। महिलाओं व बालिकाओं ने प्रातः विराजित देवी प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया। वहीं समिति के सदस्यों ने लाईट डेकोरेशन से पंडाल को आकर्षक का केंद्र बनाया। रात्रि 8 बजे गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें सांस्कृतिक गरबा के साथ लोक गीत, पर्व गीत, भक्तिमय जैसे गीत में बालिकाओं और महिलाओं ने नृत्य उत्साह के साथ नृत्य किया। बालिका वर्ग में प्रथम अलीशा साहू, द्वितीय पूजा साहू रही, जिसे वरिष्ठजनों ने मां जगदम्बा के शैलचित्र भेंटकर सम्मानित किया। इस पर्व को लेकर वार्डवासियों में उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर समिति के सविता साहू, ललिता साहू, शैला साहू, गोमती साहू, कुमारी साहू, लक्ष्मी साहू, पिंकी सिदार, उमाकांति, द्रोपती, पूजा हिरवानी, दुलारी हिरवानी, रेणु साहू आदि मौजूद रहे।





नौ कन्या भोज एवं भंडारा कार्यक्रम में शामिल हुए तुषार

महासमुंद। ग्राम सोरिद स्थित ईश्वरी पोखन यादव के घर विराजमान मां खल्लारी मंदिर में आयोजित नौ कन्या भोज एवं भंडारा कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने माँ खल्लारी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा नवकन्याओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक एवं भक्तिमय वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ईश्वरी पोखन यादव, दानदाताओं के तत्वावधान में नवकन्या भोज एवं भंडारे के माध्यम से सेवा, समर्पण और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अशवंत तुषार साहू ने कहा कि मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना हमारी सनातन संस्कृति और आस्था का अभिन्न अंग है। कन्या पूजन एवं भोज भारतीय परंपरा में नारी शक्ति के सम्मान और श्रद्धा का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सेवा भावना को मजबूत करते हैं।

सनातन का विरोध करना कांग्रेस की पुरानी आदतः देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- नेहरू से राहुल तक सनातन का विरोध ही कांग्रेस की मानसिकता

भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री देवेंद्र चंद्राकर ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हिंदू धर्म में मूर्ति पूजा का उल्लेख नहीं होने वाले बयान को सनातन विरोधी और करोड़ों हिंदुओं की आस्था पर प्रहार बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता शुरू से ही हिंदू और सनातन विरोधी रही है और इसी मानसिकता के तहत ऐसे बयान दिए जा रहे हैं।

देवेंद्र ने कहा कि बघेल को यह ज्ञात होना चाहिए कि सनातन धर्म में मूर्ति पूजा का अत्यधिक महत्व है। यह ईश्वर को प्राप्त करने और मन को एकाग्र करने का एक सशक्त और व्यावहारिक माध्यम है। सनातन धर्म में ईश्वर कण-कण में व्याप्त है, लेकिन सामान्य मनुष्य के लिए निराकार ईश्वर से सीधा जुड़ाव कठिन होता है, इसलिए मूर्ति और विग्रह के माध्यम से भक्त सहजता से भगवान के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हैं। मूर्ति पूजा साधना की प्रारंभिक और सबसे प्रभावी सीढ़ी है।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास ही सनातन परंपरा का विरोध करने का रहा है। नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक सभी ने भारत की सनातन संस्कृति पर सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी खुले मंच और बड़ी सभाओं में हिंदुओं का विरोध करते हैं और अब उसी राह पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी चल रहे हैं। जो व्यक्ति खुद को छत्तीसगढ़ की संस्कृति का बड़ा शुभचिंतक बताता है, उसका इस प्रकार का अमर्यादित बयान किसी भी सूरत में शोभा नहीं देता।

चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था के तहत मूर्ति पूजा की प्रबल समर्थक है। यहां की लोक परंपरा में मूर्ति पूजा का विशेष स्थान है। मंदिरों में स्थापित मूर्तियों की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण-प्रतिष्ठा की जाती है, जिसके बाद वह केवल पत्थर या धातु नहीं रह जाती, बल्कि उसमें दिव्य ऊर्जा और चैतन्य का वास माना जाता है। भक्ति मार्ग में इसी मूर्ति के माध्यम से भक्त वात्सल्य भाव, सख्य भाव और दास्य भाव से ईश्वर से जुड़ता है।

उन्होंने कहा कि मूर्ति पूजा को न मानने वाला बयान पूरी तरह से बेतुका है और यह छत्तीसगढ़ की संस्कृति का अपमान है। भूपेश बघेल ने सनातन संस्कृति का अपमान क्यों किया, इसका जवाब उन्हें प्रदेश की जनता को देना होगा। उन्होंने इस सनातन विरोधी बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस नेतृत्व इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करे।

सांकरा में आज डीजे डांस स्पर्धा

सांकरा। श्री राधा कृष्ण बाल मंडली स्कूल पारा सांकरा के तत्वावधान में 20 अक्टूबर मंगलवार को रात्रि 9 बजे से राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है । सामूहिक नृत्य में प्रवेश शुल्क 200 रुपए है। प्रथम पुरस्कार 13111रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7111रुपए, तृतीय पुरस्कार 5111 रुपए व चतुर्थ पुरस्कार 2111 रुपए रखा गया है। युगल नृत्य में प्रवेश शुल्क 100 रुपए है। प्रथम पुरस्कार 5011, द्वितीय पुरस्कार 3011, तृतीय पुरस्कार 2011, चतुर्थ पुरस्कार 1111 रुपए रखा गया है। एकल नृत्य में प्रवेश शुल्क 50 रुपए रखा गया है।



पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का मिल रहा लाभ

5 हजार 471 हितग्राहियों की हो रही बिजली की बचत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा यात्रा में जनकल्याण और आत्मनिर्भरता को हमेशा प्राथमिकता मिली है। इसी सेवा भाव को आगे बढ़ाते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। योजना के माध्यम से घरों की छतों पर सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित कर परिवार अपनी बिजली की जरूरतें और बिजली बिल में बचत के साथ स्वच्छ एवं अक्षय ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा दे रहे हैं।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 5 किलोवाट तक के सोलर रूफटॉप सिस्टम पर केंद्र सरकार द्वारा 78 हजार रुपए तथा राज्य सरकार द्वारा 30 हजार रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इससे सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का खर्च कम हो रहा है और आम परिवारों को दीर्घकालिक आर्थिक राहत मिल रही है। महासमुंद जिले में अब तक 9 हजार 683 नागरिकों ने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है, जिनमें से 5 हजार 471 हितग्राही योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। महासमुंद निवासी दिनेश साहू ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के माध्यम से उन्हें नियमित और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध हो रही है। सोलर पैनल स्थापित होने के बाद उनके बिजली बिल में काफी कमी आई है, जिससे परिवार की आर्थिक बचत बढ़ी है। इसी तरह महासमुंद निवासी धनंजय जलक्षत्री ने बताया कि योजना के माध्यम से सोलर पैनल स्थापित कराने पर शासन से सब्सिडी मिली, जिससे स्थापना का खर्च कम हुआ। अब उनके घर में दिनभर सौर ऊर्जा से बिजली उपलब्ध रहती है। इससे बिजली की बचत हो रही है और परिवार का मासिक खर्च भी कम हुआ है। इमली भाठा महासमुंद निवासी गौतम साहू ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत उनके घर की छत पर सोलर पैनल लगने के बाद बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है। पहले हर महीने बिजली बिल को लेकर चिंता रहती थी, लेकिन अब सौर ऊर्जा से घर की आवश्यकताएं पूरी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि योजना ने उनके परिवार को बिजली खर्च में राहत देने के साथ ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत का भरोसा दिया है। अब पंखा, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण आसानी से चल पा रहे हैं। योजना से लाभान्वित हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक परिवारों से योजना से जुड़ने की अपील की है।



